दैनिक न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### यशवंतपुर-कोरबा-यशवंतपुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन अब सप्ताह में 2 दिन चलेगी

**बिलासपुर (आरएनएस)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा हेतु यशवंतपुर-कोरबा-यशवंतपुर के मध्य चल रही सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को सप्ताह में 02 दिन चलाने का निर्णय लिया गया है। अब 22 जून से गाड़ी संख्या 02251 यशवंतपुर-कोरबा, यशवंतपुर से प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को तथा 24 जून से गाड़ी संख्या 02252 कोरबा-यशवंतपुर, कोरबा से प्रत्येक रविवार एवं गुरुवार को सप्ताह में 02 दिन चलेगी। इस गाड़ी के सप्ताह में 02 दिन चलने से यात्रियों को कोरबा-यशवंतपुर के मध्य बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। यह गाड़ी पूरी तरह आरक्षित है केवल कंफर्म टिकट से ही यात्रा की जा सकेगी।

### रेल्वे ट्रेक पर मिली युवक की लाश

**महासमुंद (आरएनएस)।** रेल्वे ट्रेक पर पुलिस को एक अज्ञात युवक की लाश मिली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। थाना प्रभारी स्वराज त्रिपाठी ने बताया कि रेल्वेकर्मियों और ग्रामीणों के माध्यम से खोपली रेल्वे ट्रेक पर एक 25-30 वर्षीय अज्ञात युवक की लाश होने की सूचना डायल 112 के माध्यम से थाने को मिली थी। जिसके लिए स्टॉफ मौके पर जांच के लिए गया हुआ है। शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है। युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। लेकिन युवक देवरी का निवासी बताया जा रहा है।

### फांसी लगा रहे युवक को 112 की टीम ने बचाया

**कोरबा (आरएनएस)।** बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत शांतिनगर निवासी कन्हैया चौहान 21 शनिवार की शाम करीब 5 बजे पेड़ पर चढ़कर फांसी लगा रहा था। बांकीमोंगरा के 112 टीम कोबरा.1 को सूचना दी गई। इस पर आरक्षक राजकुमार व चालक भुवन कुमार बताए गए लोकेशन पर पहुंचे। जहां पेड़ पर युवक ने फंदा लगा लिया था। उसके फंदे को गले में डालकर लटकने से पहले आरक्षक व चालक पेड़ पर चढ़कर उसके पास पहुंच गए। जहां उसे समझाइश देकर नीचे उतारा गया।

### एसपी ने सब इंस्पेक्टर, 3 एएसआई समेत 42 पुलिसकर्मियों का किया तबादला

**कोरबा (आरएनएस)।** शनिवार को एसपी अभिषेक मीणा ने एक सब इंस्पेक्टरए 3 एएसआईए 5 हेड कांस्टेबल व 33 कांस्टेबल समेत 42 पुलिस कर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। जिनमें से ज्यादातर पुलिस कर्मियों को ग्रामीण क्षेत्र के थानों से शहरी क्षेत्र में लाया गया है। वहीं पुलिस लाइन में पदस्थ कर्मियों को थाना.चौकी में पदस्थ किया गया है। इनमें सब इंस्पेक्टर एनपी लहरे को बांगो से पाली, एएसआई हरीचरण सारथी को दर्री से रामपुर, आजूराम खुशराम को लेमरू से बालको, विनोद खांडे को दर्री से करतला भेजा गया है। इसी तरह हेड कांस्टेबल विमलेश उरांव को लाइन से बालको, कृपाशंकर दुबे को पसान से कुसमुंडा, लक्ष्मी रात्रे को कुसमुंडा से सर्वमंगला चौकी, आनंद तिर्की को मोरगा से लाइन व नंदलाल टंडन को हरदीबाजार से दर्री पदस्थ किया गया है।

# 'योग करबो-स्वस्थ रहिबो'... प्रदेश में 10 लाख से अधिक लोग करेंगे योग

» मुख्यमंत्री सहित मंत्री-विधायकगण और अधिकारी-कर्मचारी भी होंगे शामिल

» योगाभ्यास में शामिल होने रायगढ़ जिले से 1 लाख से अधिक लोगों ने कराया पंजीयन




**रायगढ़ ।** 'योग करबो-स्वस्थ रहिबो' के साथ 10 लाख से अधिक प्रदेशवासी योग दिवस 21 जून की प्रातः 6.45 बजे से योगाभ्यास में शामिल होंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मंत्रीगण, विधायक एवं जनप्रतिनिधि और अधिकारी, कर्मचारी भी योग में शामिल होंगे। सातवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग और योग आयोग द्वारा वर्चुअल योग मैराथन का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 21 जून को प्रातः 6.45 से 22 जून 2021 को प्रातः 7 बजे तक निरंतर 24 घण्टे समाज कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ योग आयोग के सोशल मीडिया यू-ट्यूब चैनल, फेसबुक पेज एवं ट्विटर एकाउंट पर प्रसारित किया जाएगा।

योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) के अनुसार 21 जून 2021 को पूर्वान्ह 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास कराया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके, समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया अन्य विभागों के मंत्रीगण, विधायकगण, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाज कल्याण विभाग की सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले, समाज कल्याण विभाग संचालक पी.दयानंद, संयुक्त संचालक पंकज वर्मा के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं लगभग 10 लाख जनसामान्य द्वारा विभिन्न स्थलों पर कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम हेतु जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित होकर योगाभ्यास करेंगे। रायगढ़ जिले में भी वर्चुअल योग मैराथन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह है। जिले से 1.10 लाख से भी अधिक लोगों ने वर्चुअल योगाभ्यास में शामिल होने के लिये पंजीयन करवाया है।

वर्तमान परिपेक्ष्य में कोविड-19 की महामारी पर नियंत्रण में योग की महती आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए मानव शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने, तन-मन को सुदृढ़ बनाने तथा योग को अपनी दिनचर्या में सम्मिलित करने हेतु मुख्यमंत्री एवं मंत्री, समाज कल्याण विभाग द्वारा वर्चुअल योग मैराथन में राज्य के समस्त नागरिकों की सहभागिता का आह्वान किया गया है। इसी कड़ी में वर्चुअल योग मैराथन में भाग लेने ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी। जिसमें 8.15 लाख से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया है। पंजीकृत समस्त प्रतिभागियों को समाज कल्याण विभाग द्वारा ई-प्रमाण-पत्र ऑनलाइन प्रदान किये जाएंगे। राज्य के समस्त जिलों के पंजीकृत प्रथम 100 प्रतिभागियों को योगा टी-शर्ट भी दी गई है तथा जिलों से योगाभ्यास करते हुए जनप्रतिनिधियों, विशिष्ट व्यक्तियों, वरिष्ठ अधिकारियों की वीडियो क्लिप प्राप्त की गई है। इसके साथ ही अतिविशिष्ट व्यक्तियों के वीडियो संदेशो को प्राथमिकता के आधार पर सोशल मीडिया में प्रसारित किया जाएगा।

**यू.ट्यूब, फेसबुक, ट्विटर एकाउंट में होगा सीधा प्रसारण –** सातवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित छत्तीसगढ़ वर्चुअल योग मैराथन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिनांक 21 जून 2021 को समय प्रातः 6.45 से 22 जून 2021 प्रातः 7 बजे तक (कुल 24 घण्टे) समाज कल्याण विभाग एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म यूट्यूब चैनल, फेसबुक पेज एवं टिव्टर एकाउंट पर किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार 21 जून को प्रातः 6.45 से 7 बजे तक योगाभ्यास आरंभ करने के पूर्व आयोग प्रशिक्षकों द्वारा सामान्य दिशा-निर्देश, प्रातः 7 से 8 बजे तक आयुष मंत्रालय द्वारा तैयार किए छत्तीसगढ़ योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) का अभ्यास, प्रातः 8 से 9 बजे तक अतिविशिष्टजनों का योग करते हुए वीडियो संदेश का प्रसारण एवं 21 जून को प्रातः 9 बजे से 22 जून 2021 तक प्रातः 7 बजे तक जिलों से प्राप्त वीडियो क्लीप का प्रसारण किया जाएगा। सोशल मीडिया लिंक समाज कल्याण यू-ट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCaJ2JQNVsGZQ9ceil2ktgsg/videos, फेसबुक https://www.facebook.com/cgsocialwelfare, टिव्टर https://twitter.com/CGSocialWelfare, योग आयोग यू.ट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCwGvHhPOpe4zxHVt8gCeUuQ, टिव्टर https://twitter.com/office_yog_ayog के माध्यम से भी कार्यक्रम से जुड़ा जा सकता है।

## महिला स्व सहायता समूह के हितग्राहियों के रुपए जमा करने में गड़बड़ी, सर्विस एजेंट पर अपराध दर्ज

**रायगढ़।** रवि सहकारी समिति बडे अतरमुडा रायगढ़ की अध्यक्षा श्रीमती कुसुम साहू निवासी ग्राम औरदा थाना पुसौर द्वारा आज थाना चक्रधरनगर में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि इनकी रवि कोआपरेटिव सहकारिता समिति वर्ष 2015 से पंजीकृत होकर समिति से जुड़े लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति सुदृ बनाने के लिए तकनीकी जनकल्याणकारी कार्य कर रही है। संस्था को महिला स्वसहायता समूहों के विकास एवं बचत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अनुमति है ।

जिसके तहत संस्था जरुरतमंद सदस्यों का बाजार से निम्न ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराती है। संस्था में श्रीमती चंदा पटेल पति लालमोहन पटेल उम्र 42 वर्ष निवासी तेलीपाली थाना पुसौर जिला रायगढ़ 01 अगस्त 2017 से 18 फरवरी 2020 तक लाइवलीहुड सर्विस एजेन्ट के पद पर कार्यरत थी , जिसे रायगढ़ विकासखंड के अंतर्गत 23 ग्राम का क्षेत्र आवंटित था। श्रीमती चंदा पटेल उस क्षेत्र में जाकर सदस्यों का समूह गठन करने उनकी व्यवसायिक जरूरतों के आधार पर ऋण का आंकलन करने एवं बचत के आधार पर ऋण जारी कराने किश्तें लाने आदि का कार्य करना था पर चंदा पटेल अपनी पदावधि के दौरान कई सदस्यों से राशि लेकर स्वयं के पास रख ली, शिकायत मिलने पर चंदा पटेल को सेवा से निलंबित कर दिया गया इसके बावजूद भी हितग्राहियों से निलंबन की बात छुपाते हुए राशि लेकर संस्था एवं हितग्राहियों को धोखा दी।

हितग्राहियों से जानकारी मिली चंदा पटेल द्वारा अवैध लाभ प्राप्त करते हुए कुल 2,00,410 रूपये प्राप्त की है, जिसे जमा करने से वह मना कर रही है। शिकायत आवेदन पर चंदा पटेल के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में अप.क्र. 345/2021 धारा 408 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## जेएसडब्ल्यू मोनेट प्लांट में हादसा, गर्म डस्ट में झुलसे 5 कर्मचारी

» एसपी पहुंचे फोर्टिस हॉस्पिटल घायलों से लिए घटना की जानकारी



**रायगढ़।** थाना भूपदेवपुर अन्तर्गत जेएसडब्ल्यू मोनेट प्लांट में आज दिनांक 20/6/21 को दोपहर करीब 13/30 बजे किलन नंबर 4 में डस्ट सेटलिंग चेम्बर के जाम हो खोलने के कार्य में लगे 05 कर्मचारी गर्म डस्ट के चपेट में आने से झुलस गये है, घायलों का हॉस्पिटल में ईलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक प्लांट के किलन नंबर 4 में डस्ट सेटलिंग चेम्बर के जाम होने पर छ्र्स्ङ्क के जीवनन्दन देशमुख, मधुकर रावटे, मनीष गुप्ता, शिव साहू और शंकर कटकवार सुधार कार्य में लगे थे। कर्मचारी चेम्बर के जाम को खोलने के लिए चेम्बर में पानी का प्रेसर मार रहे थे तभी अचानक गरम डस्ट और पानी का प्रेशर चेंबर से निकला। जिससे वहाँ काम कर रहे पांचो व्यक्ति झुलस गए, जिन्हें कम्पनी प्रबन्धन द्वारा जिन्दल फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह जिंदल फोर्टिस हॉस्पिटल पहुंचे।जहां वे घायलों से बातचीत कर घटना की जानकारी ले रहे हैं। घायलों में शंकर कटकवार गंभीर रूप से घायल होने से उसे रायपुर रेफर किया गया। भूपदेवपुर पुलिस भी घटनास्थल और अस्पताल पहुंचकर पुलिस जांच में जुट गई है।

घायल हुए जीवनंदन देशमुख डीजीएम, शंकर कटकवार सीनियर इंजीनियर, शिव साहू असिस्टेंट इंजीनियर, मधुकर रावटे डिप्टी मैनेजर तथा मनीष गुप्ता सीनियर मैनेजर हैं। गंभीर रूप से घायल शंकर कटकवार के साथ शिव साहू को भी एयर एंबुलेंस से रायपुर भेजा गया है। भूपदेवपुर पुलिस के साथ इंडस्ट्रियल सेफ्टी टीम जांच में जुटी है।

## दोना-पत्तल बनाकर महिलाओं ने किया 2 लाख रुपये का कारोबार

» इस सफलता से समूह को मिली पहचान, गाँव की अन्य महिलायें भी हो रही प्रेरित



**रायगढ़ ।** कामाक्षी स्व-सहायता समूह की 11 महिलाओं ने दोना-पत्तल बनाने का काम शुरू किया। आज उनका यह काम सफल व्यवसाय में तब्दील हो चुका है। जिससे उन्होंने 2 लाख रुपये की आय अर्जित की। साथ ही समाज में भी अपनी अलग पहचान बनायी। उनकी इस सफलता से गांव एवं आसपास की अन्य महिलायें भी उनसे प्रेरित हो रही है।

जिले के तमनार विकासखण्ड के ग्राम-सरायपाली के 11 महिलाओं ने कामाक्षी महिला स्व-सहायता समूह बनाया। शुरुआत में पूंजी के लिए महिलाओं ने आपसी बचत का सहारा लिया और जरूरत के समय छोटे ऋष्ण के माध्यम से अन्य सदस्यों की मदद करती थी। आजीविका के बारे में प्रत्येक सदस्य कुछ करना चाहती थी, लेकिन व्यक्तिगत रूप से उनके पास आजीविका शुरू करने के लिए पर्याप्त पूंजी और पूर्ण जानकारी नहीं थी। इसलिए उन्होंने सामूहिक रूप से कुछ व्यवसाय शुरू करने का फैसला किया। उन्होंने बिहान योजनांतर्गत प्रदान के माध्यम से आजीविका के बारे में जानकारी मिली। महिलाओं ने दोना पत्तल बनाने का काम शुरू करने का सोचा। आवश्यक मशीनरी की जानकारी भी महिलाओं को दी गयी। इसके लिए उन्होंने डेढ़ लाख रुपये के बैंक ऋष्ण के लिए आवेदन किया। बिहान के नियमानुसार पंचसुत्र का पालन करते हुए कामाक्षी समूह के सदस्यों ने आपसी लेन-देन और बैंक के साथ नियमित लेन देन जारी रखा और साथ ही हिसाब रजिस्टर लिखा। जिसे देख कर बैंक से लोन पास हुआ। लोन से प्राप्त राशि से उन्होंने दोना-पत्तल बनाने की मशीन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदी की और सफलतापूर्वक प्लेट बनाने का व्यवसाय गांव में शुरू किया।

सभी सदस्य हर दिन दो से तीन घंटे काम करते हैं और दोना व पत्तल बनाते हैं। वे आम तौर पर गांव, आसपास के गांवों और रायगढ़ में अपने उत्पाद बेचते हैं। अब तक वे 2 लाख रुपये का कारोबार कर चुके है और उनके पास बिक्री के लिए करीब 10-20 हजार का स्टॉक है। भविष्य में बेहतर व्यवसाय की उम्मीद कर रहे हैं। सदस्यों के बीच आपसी समझ, एकजुटता और जिम्मेदारियां निभाने की सामूहिक भावना से व्यवसाय सफल हुआ।

## 18 प्लस वाले दिव्यांगजनों एवं महिलाओं के लिए विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन आज

**रायगढ़ ।** कोरोना वैश्विक महामारी से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे विशेष टीकाकरण अभियान अन्तर्गत जिले में शत-प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अब दिव्यांगजनों एवं महिलाओं को लक्षित किया गया है।

कलेक्टर भीम सिंह के दिशा-निर्देश पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2021 के अवसर पर सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों एवं महिलाओं को कोविड टीकाकरण से लाभान्वित किये जाने हेतु स्थानीय कन्या पुत्री शाला, पैलेस रोड रायगढ़ में दिव्यांगजनों के लिए तथा भूपदेव विद्यालय केवडाबाड़ी बस स्टैण्ड में महिलाओं के लिए पृथक पृथक विशेष टीकाकरण केन्द्र की स्थापना की गई है।

21 जून 2021 को नगर निगम क्षेत्र में निवासरत दिव्यांगजनों एवं महिलाओं को शिविर स्थल तक मोबिलाइजेशन के लिए समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। जिला प्रशासन ने 18 वर्ष के अधिक आयु वर्ग के सभी दिव्यांगजनों तथा महिलाओं से इस विशेष शिविर का लाभ प्राप्त करने हेतु आग्रह किया है।

## व्हाटसअप ग्रुप में वैक्सीनेशन को लेकर भ्रामक जानकारी फैलाने वाले पंच जेल दाखिल



**सारंगढ़।** थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक जी0एस0 दुबे द्वारा आज दिनांक 19/06/2021 को ग्राम हरदी निवासी सुरेन्द्र मनहर के लिखित आवेदन पर ग्राम हरदी के पंच ओमप्रकाश निराला पर धारा 269,270 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी कोविड-19 से बचाव में कारगर वैक्सीन को लेकर व्हाटसअप ग्रुप में भ्रामक जानकारी वायरल किया था।

रिपोर्टकर्ता बताया कि ग्राम पंचायत हरदी के वाट्सअप ग्रुप में वार्ड क्र0 16 के पंच ओमप्रकाश निराला पिता स्व0 बुधराम निराला निवासी ग्राम छोटे हरदी के द्वारा कोरोना से बचाव के लिए लगाये जा रहे वैक्सीन के संबंध में तथ्यहीन भ्रामक जानकारी फैलायी गई है। थाना सारंगढ़ में आरोपी पर अप.क्र. 327/2021 धारा 269,270 भादवि दर्ज कर आरोपी की पतासाजी में टीम आज ग्राम हरदी पहुंची। जहां आरोपी ओमप्रकाश निराला पुलिस पार्टी पर उग्र होकर विवेचना गिरफ्तारी का विरोध करने लगा। सारंगढ़ पुलिस आरोपी पर पृथक से धारा 151 सीआरपीसी की कार्रवाई कर न्यायालय आरोपी को पेश किया गया, जहां आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

## दिनभर लगाया कोविड का टीका, रात को डिलीवरी केस आने पर करवाया सफल प्रसव

» आरएचओ कुलेश्वरी पांडे ने पेश की सेवा भावना और कर्तव्यनिष्ठ की मिसाल

**रायगढ़।** अपनी नींद और सुकून त्याग देवदूत बनकर लोगों के चेहरे पर प्यारी मुस्कान ला रही है विकास खण्ड बरमकेला हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पोरथ में कार्यरत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता कु.कुलेश्वरी पांडे। जहां वे सुबह से शाम लोगों को कोविड से बचाव के लिये टीकाकृत कर रही है वहीं रात में आयी प्रसव पीड़िता महिला की सफल डिलीवरी कराकर अपनी कर्त्तव्यनिष्ठा की अनूठी मिशाल पेश की।

कलेक्टर भीम सिंह के दिशा-निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत डॉ.मित्तल तथा सीएमएचओ डॉ.केशरी के मार्गदर्शन में स्वा.केन्द्रों में कोरोना वायरस से बचाव व सुरक्षा हेतु कोविड-19 टीकाकरण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। विकास खण्ड बरमकेला में सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं चिकित्सा अमला दिन-रात कठोर परिश्रम करके इस महामारी से बचाव हेतु कार्यरत है। इसी कड़ी में 19 जून 2021 को हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पोरथ में



कार्यरत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता कु.कुलेश्वरी पाडे द्वारा प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक 150 लोगों को टीका लगाया गया। उसी दिन रात्रि 9.30 बजे ग्राम कोर्रा की श्रीमती अनिता यादव जो प्रसव पीड़ा से स्वा.केन्द्र पोरथ में जब प्रसव कराने आई तो वहां की आरएचओ कु.कुलेश्वरी पाडे द्वारा सुबह से सायं काल तक टीकाकरण के कार्य करने के बावजूद पूर्ण सेवाभाव से प्रसूता की सामान्य प्रसव कराई गई। जिससे प्रसूता द्वारा बालक को जन्म दिया गया। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ है। कु.कुलेश्वरी पाडे की अपने कर्त्तव्य के प्रति जिम्मेदारी एवं सजगता, कर्तव्यनिष्ठा, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ समाज के प्रति सेवाभावना के प्रदर्शन की अनूठी मिसाल है।

आरएचओ कु.कुलेश्वरी पंडा कहती है कि मानव सेवा के लिए ही इस कार्य से जुड़ी हूं। आज पूरा विश्व कोरोना महामारी की चपेट में है। जिले में भी बड़े पैमाने पर लोग इससे संक्रमित हुए। आज कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण का काम किया जा रहा है। उसके साथ ही नियमित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना भी हमारी जिम्मेदारी है। मरीजों के स्वजन हमारे पास इलाज की उम्मीद से पहुंचते हैं। इनकी सेवा हमारी प्राथमिकता होती है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480